वर्ष-15, अंक-92
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया


# बिहार सिटी चीफ




सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, रविवार, 07 जुलाई 2024


**आज का विचार**

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!

## नीतीश के बड़बोले विधायक गोपाल मंडल ने भाजपा को ललकारा

### कहा..दम है तो अकेले चुनाव लड़कर देख लें, दिमाग घसक गया है चौबे जी का, गिरिराज भी बकबक करते रहते हैं

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**पटना**- बिहार में डबल इंजन की सरकार है। एनडीए की सरकार में सब कुछ ठीक ठाक नहीं है इसकी बानगी एक बार फिर से देखने को मिली। नीतीश के बड़बोले विधायक गोपाल मंडल ने बीजेपी को ललकारते हुए कहा कि दम था तो अकेले लोकसभा चुनाव क्यों नहीं लड़ा पता चल जाता। बिहार में भाजपा का क्या पहचान है?

बीते दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने 2025 में बिहार में एनडीए में भाजपा के चेहरा के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे पर निशाना साधते हुए जेडीयू विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि चौबे जी का दिमाग घसक गया है। इसलिए



अक्सर बक-बक करते रहते हैं। बकबक करने की चौबे जी की आदत है। वही टिक वाले गिरिराज सिंह भी बकबक करते रहते हैं। गोपाल मंडल ने आगे कहा कि चौबे का दिमाग घसक गया है। जहां का राज्यपाल इनको बनाया जाएगा वहां का भी कहानी खत्म हो जाएगा। बिहार में भाजपा की पहचान क्या है? नीतीश जी को साइड करके बीजेपी कहां जाएगा।

गोपाल मंडल ने कहा कि यदि दम है तो अकेले चुनाव क्यों नहीं लड़ता है जमीनी हकीकत पता चल जाएगा। नीतीश जी को लोग पलटू चाचा कहते हैं लेकिन सच्चाई है कि वो बैठे रहते है और कभी आरजेडी आकर सट जाता है तो कभी बीजेपी आकर सट जाता है। पार्टियां आकर उनके साथ सट जाती है। वो कही नहीं जाते पार्टी खुद उनके साथ आ जाती है। सब जानते हैं कि नीतीश कुमार का बिहार में जनाधार है। इनके साथ रहेंगे तब सरकार में बने रहेंगे। यदि इनसे अलग हुए तो कुर्सी भी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब 2025 में राजद नहीं सटेगा।

वही आरजेडी के स्थापना दिवस पर लालू ने कहा था कि सरकार अगस्त में गिर जाएगी इस पर गोपाल मंडल ने कहा कि लालू यादव महान लीडर हैं गरीबों का मसीहा हैं। सब कुछ है लेकिन थोड़ा रोग से पीड़ित हैं। याददाश्त गड़बड़ हो जाता है।

## धूम मचा रहा बोलो बम बम गाना - रैपर हितेश्वर




भोजपुरी सिनेमा जगत के एकमात्र रैपर, रैपर हितेश्वर का नया गाना श्रावण में धूम मचाने आ गया है गाने के बोल हैं मार के चिलम बोल बम बम जो की श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को देखते हुए बनाया गया हैं गाने को देखने के दौरान गाना एक मस्त आदमी को दर्शाता है जो की शिवजी का भक्त हैं हालांकि चिलम शब्द को लेकर रैपर हितेश्वर ने समाज एवं फैन्स से यह अपील की हैं की कोई भी किसी भी नशीले पदार्थों से दोस्ती न बनाएं यह एक गाना है और यह लोगों के मनोरंजन के लिए बनाया गया है बता दें रैपर हितेश्वर अपने गाने में अश्लीलता से लेकर हर वो ऐसी चीज जो समाज का अहित करता हो उसको दूर रखते हैं.

वहीं यह गाना रैपर हितेश्वर के ऑफिशियल चैनल रैपर हितेश्वर ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रीलीज हो चुका है और दर्शकों का प्यार भी गाने को मिलता हुआ दिख रहा हैं.

## दो ATM काट कर 50 लाख की चोरी, कार सवार तीन बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

### थाने में चैन की नींद सोती रही बिहार पुलिस

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मुजफ्फरपुर, बिहार में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शातिर चोर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं बावजूद इसके बिहार की पुलिस मुंह देखती रह जा रही है। ताजा मामला मुजफ्फरपुर से सामने आया है, जहां कार सवार तीन चोरों ने दो अलग-अलग एटीएम को काटकर उसमें रखे करीब 50 लाख रुपए चुरा लिए और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

लग्जरी कार सवार तीन चोरों ने नगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर रेवा रोड में स्थित इंद्रप्रस्त मार्केट में ढ्ढष्टढ्ढ और सरैया थाना क्षेत्र के जवाहर चौक स्थित स्ब्ढ्ढ के एटीएम



को अपना निशाना बनाया है। चोरों ने सरैया के एटीएम से 31 लाख और भगवानपुर-रेवा रोड स्थित एटीएम से 20 लाख रुपए चुराकर फरार हो गए और मुजफ्फरपुर की पुलिस थाने में सोती रह गई।

शनिवार की सुबह जब इलाके के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी तो पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है और चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी के फुटेज को खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज देखने से पता चलता है कि चोरी की दोनों वारदातों को एक ही गैंग ने अंजाम दिया है।

चोरों ने पहले सरैया के एटीएम को गैस कटर से काटा और उसके बाद रेवा रोड वाले एसबीआई के एटीम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर अपना चेहरा बांधे हुए थे और सीसीटीवी में उनकी तस्वीर कैद न हो इसके लिए स्प्रे का इस्तेमाल किया है। एटीएम केंद्र में घुसते ही चोरों ने सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे का इस्तेमाल करते हैं। फिलहाल एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची है और नमूनों को इकट्ठा किया है।

### बेतिया में चोरों का आतंक

## एक साथ तीन दुकानों को बनाया निशाना, लाखों की चोरी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बेतिया, बेतिया में चोरों के आतंक से परेशान है। इस बार एक साथ तीन दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया है। वेडिंलेटर तोड़कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गये। घटना बेतिया के नरकटियागंज की है जहां नागेन्द्र चौक स्थित एक ज्वेलरी शॉप सहित 3 दुकानों में घुसकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली।

चोरों ने दुकान का वेंडिलेटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना शुक्रवार की रात की है। शनिवार को दुकान खोले जाने पर दुकानदारों को घटना की जानकारी मिली। मामले में ज्वेलरी शॉप के मालिक राजू कुमार सोनी ने शिकारपुर थाने में शिकायत दर्ज करायी। आवेदन में उसने बताया कि शनिवार को दुकान खोले जाने



पर दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने शो केश में लगे करीब 1 लाख का चांदी का गहना और 50 हजार के सोने के आभूषण चुरा लिया हैं।

वही बगल के टॉफी दुकानदार पिंकू कुमार बरनवाल की दुकान से 30 हजार का सामान, वही पारचून दुकानदार मोहम्मद शमशाद आलम की दुकान से करीब 15 हजार रुपए के समान की चोरी की गई। उक्त बगल की दोनों दुकानों का भी वेंडिलेटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि चोरों ने वेंडिलेटर तोड़कर चोरी की है।घटना की जांच पड़ताल की गई है।आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। घटना में शामिल चोरों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## बिहार में शर्मनाक वारदातः महिला खिलाड़ी के साथ दारोगा ने की छेड़खानी

### ट्रायल के दौरान करने लगा गलत काम

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, राजधानी पटना में एक शर्मनाक वारदात हुई है। पालटिपुत्र खेल परिसर में तैनात एक दारोगा ने महिला खिलाड़ी के साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी दारोगा ने टीम सलेक्शन के दौरान चल रहे ट्रायल के बीच महिला खिलाड़ी के साथ छेड़खानी की। महिला खिलाड़ी की शिकायत पर आरोपी दारोगा के खिलाफ पुलिस विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में टीम का चयन किया जा रहा था। बुधवार की शम उक्त महिला खिलाड़ी भी वॉलीबॉल की महिला टीम में चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पहुंची थी। वॉलीबॉल कोच के तौर पर प्राधिकार में प्रतिनियुक्त दारोगा संजय सिंह उर्फ सोनू ने ट्रायल के दौरान महिला खिलाड़ी के साथ छेड़खानी शुरू कर दी। महिला खिलाड़ी ने घटना की जानकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के डीजी रवीन्द्रन शंकरण को दी है। जिसके बाद डीजी ने इसपर एक्शन लिया और आरोपी दारोगा के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी दारोगा के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए डीजी ने पटना पुलिस को पत्र भेजा है। इसके साथ ही साथ निलंबित कर विभागी कार्यवाही करने की अनुशंसा की गई है। डीजी ने कहा है कि महिला खिलाड़ी के साथ इस घटना को अंजाम देने वाले दारोगा के खिलाफ सख्त एक्शन होगा। उन्होंने कहा है कि पीड़ित महिला खिलाड़ी को न्याय जरूर मिलेगा। माना जा रहा है कि पुलिस जल्द ही आरोपी दारोगा के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी। इस घटना को लेकर खिलाड़ियों में गहरी नाराजगी है।

### एक्सप्रेस वे पर हादसे की शिकार हुई बिहार से दिल्ली जा रही बस

**दुर्घटना में करीब तीन दर्जन यात्री घायल**

**पटना**- बड़ी खबर उत्तर प्रदेश के अमेठी से आ रही है, जहां बिहार से दिल्ली जा रही बस हादसे की शिकार हो गई है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुए इस भीषण सड़क हादसे में करीब तीन दर्जन यात्री घायल हो गए हैं। हादसे के वक्त बस में 65 यात्री सवार थे। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से डॉक्टरों ने 17 लोगों को बेहतर इलाज के लिए राजधानी लखनऊ रेफर किया है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार की सुबह मुजफ्फरपुर से दिल्ली जा रही बस शुक्ल थाना क्षेत्र स्थित एक बाजार में हादसे की शिकार हो गई। यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया। बस में सवार कुल 38 लोग बुरी तरह से घायल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल 17 लोगों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि बस के ड्राइवर को झपकी आ गई थी, जिसके कारण उसने बस से नियंत्रण खो दिया और बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

## बीमा भारती पर खूब बरसे नीतीश, कहा-हम MLA बनाते रहे, वो MP बनने के लिए भाग गई

**पूर्णिया**- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज रुपौली की पूर्व विधायक बीमा भारती पर जमकर बरसे। कहा कि 3 बार हमने विधायक बनाया। बीमा भारती को बोलने तक नहीं आता था फिर भी मंत्री बनाये लेकिन अचानक पार्टी छोड़कर सांसद बनने चली गयी और तीसरे नंबर पर आ गयी। बीमा भारती भाग के कभी इधर तो कभी उधर जाती है ऐसा करने से उसे क्या मिला? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह बातें पूर्णिया के रूपौली में एक सभा को संबोधित करते हुए कही। वही इस दौरान लालू परिवार पर भी जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर तंज कसते हुए कहा कि 9 बच्चा है..इतना बच्चा कोई पैदा करता है। ई लोग बेटा और बेटी को ही टिकट बांट देता है। मेरा परिवार नहीं है क्या हमने कभी ऐसा किया है? मेरे लिए तो मेरा परिवार पूरा बिहार है। हम एक मौका उनको दिये थे लेकिन वो गड़बड़ करने लगे तो क्या करता मैंने ही साथ छोड़ दिया।

बीमा भारती को लेकर सीएम नीतीश ने कहा कि वो अब फिर से चुनाव लड़ रही है। हम उसको तो राज्य सरकार में मंत्री तक भी बनाये। उसको कुछ बोलने नहीं आता था तब भी हम उसको आगे बढाए। इतना हम सबको इज्जत देते रहे। हमको कोई छोड़कर भागता है तो गड़बड़े ना है। हमलोगों को तो आप लोग जानते हैं। हमारा तो रिश्ता बहुत पुराना है ना भाई। हमलोग तो दो बार अलग हो गये है इस बार भी अलग हो गये तो ठीक नहीं लगा। 1995 से हमारा रिश्ता है। जिन लोगों को हम इज्जत दिया वो भाग गया तो भागने दिजिए। अब फिर से रुपौली उपचुनाव होने वाला है। अब फिर से चुनाव लड़ रही है। राजद के टिकट पर रुपौली विधानसभा चुनाव में खड़ी हुई है।

रुपौली विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी कलाधर मंडल के समर्थन में चुनावी सभा करने पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज विशाल जन सभा को संबोधित किया। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ-साथ बिहार सरकार के दो दर्जन मंत्री मौजूद रहे। मौके पर



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मुसलमान के लिए उनकी सरकार ने बहुत काम किया है लेकिन कुछ लोग मुस्लिम मतदाताओं को भड़काने का काम कर रहे हैं ।

उन्होंने महिलाओं से अपील की की एक-एक वोट कलाधर मंडल को देने का काम करें वहीं उन्होंने बिहार में विकास के गति की चर्चा की और कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले 12 लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी । वही बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं को रोजगार दिया जाएगा । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में बिजली सड़क पुल स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काफी कम हुआ है । वही उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कांग्रेस लूडो के उसे गोटी की तरह है। जिसमें 99 पर जाकर सांप के डंसने से एक पर आ जाता है यही हाल लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का हुआ है।